पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

# राज्यपाल ने जनपद सीतापुर में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक की

———

**सभी योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र लाभार्थियों को सुनिश्चित रूप से मिले**

———

**कन्या भ्रूण हत्या रोकने हेतु अल्ट्रासाउंड केंद्रों की आकस्मिक जांच हो**

———

**शत–प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने के निर्देश**

———

**टी0बी0 मरीजों को समय से दवाइयां, पोषण किट तथा अन्य देय लाभ उपलब्ध कराए जाएं**

———

**सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री–स्कूल किट की उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें**

———

**नहरों के निकट स्थित तालाबों को नहरों से जोड़कर उनमें सतत जलापूर्ति सुनिश्चित करें**

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———

लखनऊः 14 मई, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज जनपद सीतापुर के कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान राज्यपाल ने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों एवं योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र लाभार्थियों को सुनिश्चित रूप से मिले। उन्होंने कहा कि संचालित योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए और यह भी देखा जाए कि योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन में क्या सकारात्मक परिवर्तन आया है, जिससे योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

राज्यपाल जी ने निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों का उच्चीकरण कराया जाए, ताकि बाढ़ की स्थिति में भी गांवों से संपर्क बना रहे। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या रोकने हेतु अल्ट्रासाउंड केंद्रों की आकस्मिक जांच के लिए अभियान चलाकर प्रभावी प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा है

कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं कम कीमत पर उपलब्ध हों, अतः जन औषधि केंद्रों के माध्यम से दवाओं की बिक्री को प्रोत्साहित किया जाए।

होम्योपैथिक दवाओं के वितरण एवं उपयोग को बढ़ावा देने हेतु भी उन्होंने निर्देश दिए। राज्यपाल ने विशेष अभियान चलाकर सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने तथा शत–प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्राइवेट चिकित्सालयों में हुए प्रसव की रिपोर्ट समय से संकलित कराने एवं जन्म प्रमाण–पत्र हेतु व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

राज्यपाल जी ने कहा कि टी0बी0 मरीजों को समय से दवाइयां, पोषण किट तथा अन्य देय लाभ उपलब्ध कराए जाएं और निर्धारित अवधि के पश्चात उनकी दोबारा जांच भी कराई जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे पूर्णतः स्वस्थ हो चुके हैं।

राज्यपाल जी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री–स्कूल किट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का ड्रॉपआउट न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। पीएम श्री योजना अंतर्गत चयनित परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता में हुए सुधार के आकलन हेतु सर्वेक्षण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

आर0टी0ई0 योजना का लाभ पात्र बच्चों को दिलाए जाने हेतु व्यापक स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने निर्देश दिए कि डॉ0 शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की जानकारी बच्चों को दी जाए, जहां उनके समग्र विकास के लिए उपयुक्त व्यवस्थाएं हैं।

राज्यपाल जी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'हर घर जल' अभियान के अंतर्गत ग्रामों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत शत–प्रतिशत पात्रों को लाभान्वित किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। नहरों के निकट स्थित तालाबों को नहरों से जोड़कर उनमें सतत जलापूर्ति सुनिश्चित करने को भी कहा। पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना एवं पीएम सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए।

राज्यपाल जी ने बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालयों में शिक्षाप्रद कहानियों की पुस्तकें उपलब्ध कराने तथा प्रार्थना सभा के बाद कहानियां सुनाने का कार्यक्रम प्रारंभ करने का सुझाव दिया। विषयों का चयन कर निबंध, वाद–विवाद, गीत आदि की प्रतियोगिताएं व्यापक स्तर पर आयोजित कराए जाने के भी निर्देश दिए।

जन सहयोग से समाज हित में कार्यों के संचालन को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि सांसद निधि एवं विधायक निधि के माध्यम से व्यापक कार्ययोजना बनाकर जनोपयोगी कार्य कराए जाएं। जनपद में मंदाकिनी एवं सरायन नदियों के पुनर्जीवन हेतु किए गए नवाचारों की सराहना भी राज्यपाल जी ने की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद ने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, नवाचार कार्यों तथा उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया तथा राज्यपाल जी को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती निधि बंसल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

——————————

सम्पर्क सूत्र
दिलशाद–सूचना अधिकारी/राजभवन
9696185895





